GISSS PT1 2023

प्रथम आवधिक परीक्षा(अप्रैल, 2023)

कक्षा- IX

समय :-90 मिनट **विषय-हिंदी(085)** **पूर्णांक:-40**

सामान्य निर्देश:-

1.प्रश्न पत्र ध्यान से पढ़ें तथा उत्तर सुंदर लेख में लिखेंl

2.प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें l

3.सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैंl

भाग-क (अपठित गद्यांश -5)

प्रश्न 1- निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखें :-

किसी भी देश की सीमा का निर्धारण केवल भौगोलिक रूप से ही नहीं किया जा सकता , बल्कि इसके लिए कई अन्य तत्व भी जिम्मेदार होते हैं। 'आर्थिक' , 'सामाजिक' , 'सांस्कृतिक' एवं 'भौगोलिक' जैसे कई उपादानों के द्वारा ही किसी भी देश की सीमाओं को भली – भांति निश्चित किया जा सकता है। आर्थिक दृष्टिकोण से देखें तो आज सारा विश्व ही एक सार्वभौमिक गांव के रूप में हमारे समक्ष आता है। सभी देश अपनी प्राथमिकताएँ तय करने में मूल रूप से आर्थिक हितों को पहले स्थान पर रख रहे हैं। हो क्यों ना ? आर्थिक सफलता से ही रोजगार का सृजन होता है और बेरोजगारी तथा बेकारी पर लगाम लगाया जा सकता है।

देश का सामाजिक ढांचा दुरुस्त रहे इसके लिए आर्थिक सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। बिना आर्थिक सुरक्षा के लोगों को अपने रोजगार के लिए पलायन आम बात हो जाती है। सामाजिक सुदृढ़ता के लिए लोगों का आत्मनिर्भर होना आवश्यक है। तभी वे अपने देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह सफलतापूर्वक कर पाएंगे। इस प्रकार सांस्कृतिक विविधता के बावजूद एकता का उद्घोष संभव हो सकेगा। समग्रता को अपने मूल में संजोए अपनी सीमाओं को नए सिरे से परिभाषित करना आज के युग की नई मांग है।

(क) किसी भी देश की सीमाओं के निर्धारण के लिए कौन-कौन से तत्व जिम्मेदार है ?

(ख) सभी देश आज अपनी प्राथमिकताएं तय करने में किन हितों को पहले स्थान पर रखते हैं ?

(ग) ‘ बेकारी ‘ तथा ‘ बेरोजगारी ‘ पर लगाम किस तरह से लगाया जा सकता है ?

(घ) सामाजिक सुदृढ़ता के लिए , लोगों के लिए क्या आवश्यक है ?

(ड) ‘लगाम लगाना ‘ मुहावरे का अर्थ लिखिए।

भाग - ख (व्याकरण) **(8)**

प्रश्न **2**-निम्नलिखित शब्दों में अनुस्वार या अनुनासिक के प्रयोग से बनी सही वर्तनी लिखें। (2)

(क) भाति (ख) सभव (ग) अधेरा (घ) चचल

प्रश्न **3**- 'कु', 'बे' तथा 'स्व' उपसर्ग के प्रयोग से बने दो -दो शब्द बनाएँ । (3)

प्रश्न **4**- 'ई', 'ईय' तथा 'हार' प्रत्यय से बनें दो - दो शब्द बनाएँ। (3)

GISSS PT1 2023

भाग - ग (पाठ्य-पुस्तक) **(12)**

प्रश्न 5- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो तीन पक्तियों में लिखें। (2×3=6)

(क) लेखक उस स्त्री के रोने का कारण क्यों नहीं जान पाया ?

(ख) रैदास ने ईश्वर को किन- किन नामों से पुकारा है?

(ग) अवध नरेश को चित्रकूट क्यों जाना पड़ा?

प्रश्न 6- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखें । (3×2=6)

(क) एक को साधने से सब कैसे सध जाता है?

(ख) पास-पड़ोस की दुकानों से पूछने पर लेखक को क्या पता चला?

भाग - घ (लेखन) **(15)**

प्रश्न 7- छात्रावास में रहने वाली बहन को समय का महत्व समझाते हुए पत्र लिखें ।

या

अपने पिता जी को छात्रावास की दिनचर्या के बारे में बताते हुए पत्र लिखें।

प्रश्न 8-' एक अविस्मरणीय घटना' विषय पर 60 से 70 शब्दों में अनुच्छेद लिखेंl

या

' जब मैं कक्षा में नकल करते हुए पकड़ा गया' विषय पर 60 से 70 शब्दों में अनुच्छेद लिखें ।

GISSS PT1 2023

प्रश्न 9- निम्नलिखित चित्र को ध्यानपूर्वक देखें और उसका वर्णन करें । (5)

GISS